an>

Title: Need to develop waterlogged low land in Bahiyara in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar as a fishing hub-laid.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज):बिहार राज्य अंतर्गत सारण प्रमंडल में मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज है 1 मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला-सारण एवं सिवान के लगभग तीन हजार हेक्टयर भूभाग वाला एक बहियारा चवँर है जहाँ बारहों मास जल जमाव रहता है 1 मत्स्य विकास परियोजना के तहत इस चवँर में बड़े-बड़े तालाबों का निर्माण करके इसे मछली पालन का हब बनाया जा सकता है 1 इस चवँर को मछली पालन के हब के रूप में विकसित करने के लिए पूर्व में मत्स्य पालन की पंचवर्षीय परियोजना की शुरुआत 2018 में की गई थी 1 लेकिन यह परियोजना मूर्तरूप नहीं ले सकी 1

इसलिये मेरा आग्रह है कि भारत सरकार के मत्स्य मंत्री जी उपर्युक्त चवँर का विकास करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठायें ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र के किसानों एवं मत्स्य पालकों के लिए रोजगार का सृजन हो सके एवं उनका आर्थिक सुदृढ़ीकरण भी हो सके 1